# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य विभाग
### आदेश

संचिका सं0–10/सदर–02–03/2025– पटना, दिनांक–......................2025

जिलाधिकारी, पटना के पत्रांक–1635/गो0 दिनांक–08.02.2025 से प्राप्त प्रतिवेदन एवं अनुशंसा के आलोक में तथा गुरुगोविंद सिंह सदर अस्पताल, (पटना सिटी) पटना के वैकल्पिक मार्ग को दृष्टिपथ करते हुए व्यापक जनहित मे तथा आपातकालीन सेवाओं (एम्बुलेंस, अग्निशामक इत्यादि) को अस्पताल परिसर के पीछे बसी एक बडी घनी आबादी को सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से अस्पताल परिसर के दक्षिणी पूर्वी हिस्से की 11.9 डिसमील भू–खण्ड का उपयोग आम रास्ता के रूप में किये जाने की स्वीकृति निम्नांकित शर्तों के साथ प्रदान की जाती है :–

(क) आम रास्ता के रूप में प्रस्तावित उक्त भू–खण्ड का स्वामित्व स्वास्थ्य विभाग के पास ही रहेगा।

(ख) प्रस्तावित भू–खण्ड पर आम रास्ता के रूप मे सडक निर्माण का कार्य जिला प्रशासन, पटना द्वारा अपनी देख–रेख में पटना नगर निगम अथवा अन्य किसी सरकारी एजेन्सी के माध्यम से कराया जा सकेगा।

(ग) उक्त कार्य के साथ–साथ अस्पताल के वर्तमान चहारदिवारी को खिसकाने का कार्य भी सम्मिलित होगा।

**उपरोक्त प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त है।**

ह0/–
(नीरज कुमार)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–10/सदर–02–03/2025– 552 (10) पटना, दिनांक–16/4/2025

**प्रतिलिपिः**– माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/मुख्य सचिव, बिहार के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सभी अपर सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–08.04.2025 में मद संख्या–15 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति/प्रबन्ध निदेशक बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, स्वास्थ्य भवन, शेखपुरा, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना/जिला पदाधिकारी, पटना/क्षेत्रीय अपर निदेशक, पटना प्रमंडल, पटना/सिविल सर्जन, पटना/अधीक्षक, गुरुगोविंद सिंह सदर अस्पताल, पटना सिटी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

नीरज
16/04/2025
**सरकार के अवर सचिव।**